राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अनुश्रवण आख्या जनपद–शाहजहांपुर

दिनांक : 9 एव 10 अगस्त 2017 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जनपद शाहजहांपुर में डा0 आनन्द अग्रवाल उप महाप्रबन्धक एवं श्री इन्द्रजीत सिंह, तकनीकी सलाहकार, आर0के0एस0के0 द्वारा अनुश्रवण एवं समीक्षा की गई। अनुश्रवण की विस्तृत आख्या निम्नवत् है :–

अपर प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय बलेली, ब्लॉक – ददरौल।

- विद्यालय में पोस्टर उपलब्ध नहीं था।
- अध्यापक द्वारा बच्चों के माता–पिता के साथ एन0डी0डी0 राउन्ड के पहले कोई बैठक नहीं की गई।
- विद्यालय में एलबेण्डाजॉल की गोलियां मिड–डे मील के बाद ही अध्यापक द्वारा खिलाने के लिए कहा गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र बलेली, ब्लॉक – ददरौल।

- आंगनबाड़ी केन्द्र प्रातः 10:30 तक बन्द था विद्यालय के शिक्षक द्वारा फोन पर सूचना देने पर केन्द्र खोला गया।
- कार्यकत्री को एन0डी0डी0 प्रशिक्षण नहीं हुआ था।
- कार्यक्रम के सम्बन्ध में किसी प्रकार की तैयारी कार्यकत्री के द्वारा नहीं की गई थी।
- आशा उपस्थित नहीं थी।
- कार्यकत्री को बैनर उपलब्ध नहीं कराया गया था। हैण्डबिल भी समुदाय में वितरित नहीं किया गया था।
- किशोरियों हेतु एलबेण्डाजॉल गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई थी। और न ही किसी प्रकार के दिशा–निर्देश जारी किये गये थे।

अपर प्राथमिक विद्यालय गुरगवां, ब्लॉक – निगोही।

- विद्यालय में पोस्टर उपलब्ध नहीं था।
- अध्यापक द्वारा बच्चों के माता–पिता के साथ एन0डी0डी0 राउन्ड के पहले कोई बैठक नहीं की गई।
- विद्यालय में एलबेण्डाजॉल की गोलियां मिड्डेमील के बाद ही अध्यापक द्वारा खिलाने के लिए कहा गया।
- प्रतिकूल प्रभाव की रिपोर्टिंग एवं प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के नम्बर एवं सम्पर्क की कोई सूचना केन्द्र को उपलब्ध नहीं कराई गई।

प्राथमिक विद्यालय भटिउरा, ब्लॉक – पुवायां।

- प्रशिक्षित प्रधानाध्यापक अनुपस्थित थी।
- उपस्थित छात्रों की संख्या बहुत कम थी।
- पोस्टर एवं बैनर विद्यालय में उपलब्ध नहीं थे।
- अध्यापक द्वारा बच्चों के माता–पिता के साथ एन0डी0डी0 राउन्ड के पहले कोई बैठक नहीं की गई।
- प्रतिकूल प्रभाव की रिपोर्टिंग एवं प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के नम्बर एवं सम्पर्क की कोई सूचना केन्द्र को उपलब्ध नहीं कराई गई।

आंगनबाड़ी केन्द्र भटिउरा, ब्लॉक – पुवायां।

- भ्रमण के समय आगनबाड़ी केन्द्र पर 113 में से केवल 12 बच्चों को एलबेण्डाजॉल खिलाया गया ।

- आशा उपस्थित नहीं थी।
- किशोरियों हेतु एलबेण्डाजॉल गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई थी। और न ही किसी प्रकार के दिशा–निर्देश जारी किये गये थे।

<u>प्राथमिक विद्यालय सुनारा बुजुर्ग, ब्लॉक – पुवायां।</u>

- उपस्थित छात्रों की संख्या बहुत कम थी।
- पोस्टर एवं बैनर विद्यालय में उपलब्ध नहीं थे।
- अध्यापक द्वारा बच्चों के माता–पिता के साथ एन0डी0डी0 राउन्ड के पहले कोई बैठक नहीं की गई।
- अध्यापक द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण में किसी प्रकार की सूचना साझा नहीं की गई थी केवल गोली एवं रिपोर्टिंग प्रपत्र ही वितरित किया गया।
- प्रतिकूल प्रभाव की रिपोर्टिंग एवं प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के नम्बर एवं सम्पर्क की कोई सूचना केन्द्र को उपलब्ध नहीं कराई गई।

<u>आंगनबाड़ी केन्द्र सुनारा बुजुर्ग 1 एवं 2, ब्लॉक – पुवायां।</u>

- आंगनबाड़ी केन्द्र सुनारा बुजुर्ग 1 पर एलबेण्डाजॉल गोलियां एवं किसी भी प्रकार की आई0ई0सी0 सामग्री उपलब्ध नहीं थी
- आंगनबाड़ी केन्द्र सुनारा बुजुर्ग 1 एवं 2 दोनों पर आशा उपस्थित नहीं थी।
- कार्यकत्री द्वारा बच्चों के अविभावकों के साथ बैठक भी नहीं की गई न ही कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई थी।
- किशोरियों हेतु एलबेण्डाजॉल गोलियां उपलब्ध नहीं कराई गई थी। और न ही किसी प्रकार के दिशा–निर्देश जारी किये गये थे।

HG
16/08/2017